क्रमांक-3

मध्यप्रदेश विधान सभा

संक्षिप्त कार्य विवरण (पत्रक भाग-एक)

बुधवार, दिनांक 12 मार्च, 2025 (फाल्गुन 21, शक संवत् 1946)

विधान सभा पूर्वाह्न 11:02 बजे समवेत हुई.

अध्यक्ष महोदय (श्री नरेन्द्र सिंह तोमर) पीठासीन हुए.

1. वर्ष 2025-26 के आय-व्ययक का उपस्थापन.

श्री जगदीश देवड़ा, उप मुख्यमंत्री (वित्त) द्वारा राज्यपाल महोदय के निर्देशानुसार वर्ष 2025-26 के आय-व्ययक का उपस्थापन के साथ-साथ मध्यप्रदेश राजकोषीय उत्तरदायित्व एवं बजट प्रबंधन अधिनियम, 2005 के अंतर्गत यथा-अपेक्षित राजकोषीय नीति का विवरण वर्ष 2025-26 सदन के समक्ष प्रस्तुत किया गया.

2. स्वागत उल्लेख.

आय-व्ययक के उपस्थापन के दौरान डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री द्वारा सदन की दर्शक दीर्घा में भारत सरकार के कृषि मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान का दर्शक दीर्घा में उपस्थिति पर स्वागत उल्लेख किया गया.

आसंदी द्वारा भी सदन की दर्शक दीर्घा में भारत सरकार के कृषि मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान का दर्शक दीर्घा में उपस्थिति पर स्वागत उल्लेख किया गया.

3. बहिर्गमन.

श्री उमंग सिंघार, नेता प्रतिपक्ष के नेतृत्व में सदन में बजट पर असत्य आंकडे गिनाये जाने के विरोध में इंडियन नेशनल कांग्रेस के सदस्यगण द्वारा सदन से बहिर्गमन किया गया.

(अपराह्न 12.37 से 3.00 बजे तक अंतराल)

अध्यक्ष महोदय (श्री नरेन्द्र सिंह तोमर) पीठासीन हुए.

4. अध्यक्षीय घोषणा.

अध्यक्ष महोदय द्वारा सदन की सहमति से घोषणा की गई कि, ‘‘कार्य मंत्रणा समिति में सहमति अनुसार माननीय राज्यपाल के अभिभाषण पर प्रस्तुत कृतज्ञता ज्ञापन प्रस्ताव पर आज चर्चा माननीय मुख्यमंत्री जी के जवाब के पश्चात् पूर्ण होना नियत थी परंतु इस चर्चा में दोनों पक्षों के कतिपय सदस्य भाग लेने से रह गये हैं. अत: आज पहले दोनों पक्षों के शेष सदस्यों द्वारा कृतज्ञता ज्ञापन प्रस्ताव पर चर्चा में भाग लिया जायेगा. तदुपरांत कल पूर्वाह्न में माननीय मुख्यमंत्री जी के जवाब के साथ इस चर्चा का समापन किया जायेगा.’’

5. राज्यपाल के अभिभाषण पर श्रीमती अर्चना चिटनीस, सदस्य द्वारा प्रस्तुत निम्नलिखित प्रस्ताव पर चर्चा का पुनर्ग्रहण (क्रमश:)

इस पर निम्नलिखित सदस्यों ने चर्चा में भाग लिया-

(33) श्री भूपेन्द्र सिंह

6. स्वागत उल्लेख.

अध्यक्ष महोदय द्वारा सदन की आज दर्शक दीर्घा में मुरैना-श्योपुर के सांसद श्री शिवमंगल सिंह तोमर जी उपस्थित हैं, सदन की ओर से उनका स्वागत उल्लेख किया गया.

7. राज्यपाल के अभिभाषण पर श्रीमती अर्चना चिटनीस, सदस्य द्वारा प्रस्तुत निम्नलिखित प्रस्ताव पर चर्चा का पुनर्ग्रहण (क्रमश:)

(34) डॉ. हिरालाल अलावा

सभापति महोदय (डॉ. राजेन्द्र पाण्डेय) पीठासीन हुए.

(35) श्री आशीष गोविन्द शर्मा
(36) श्री कमलेश्वर डोडियार
(37) श्री हरिशंकर खटीक
(38) श्री दिनेश जैन "बोस"
(39) डॉ. तेजबहादुर सिंह चौहान
(40) श्री महेन्द्र नागेश
(41) श्री दिनेश राय "मुनमुन"
(42) श्री सुरेन्द्र सिंह गहरवार

8. अध्यक्षीय घोषणा.

सदन के समय में वृद्धि विषयक

अध्यक्ष महोदय द्वारा सदन की सहमति से घोषणा की गई कि माननीय राज्यपाल महोदय के अभिभाषण पर प्रस्तुत कृतज्ञता ज्ञापन की चर्चा जारी रहे और चर्चा में भाग लेने हेतु शेष सदस्यों के भाषण पूर्ण होने तक सदन के समय में वृद्धि की जाए.

9. राज्यपाल के अभिभाषण पर श्रीमती अर्चना चिटनीस, सदस्य द्वारा प्रस्तुत निम्नलिखित प्रस्ताव पर चर्चा का पुनर्ग्रहण (क्रमश:)

(43) श्री नीरज सिंह ठाकुर
(44) श्री महेन्द्र रामसिंह यादव
(45) श्री माधव सिंह ''मधु गहलोत''
(46) श्री प्रीतम लोधी

अपराह्न 06:09 बजे विधान सभा की कार्यवाही गुरूवार, दिनांक 13 मार्च, 2025 (फाल्गुन 22, शक संवत् 1946) के पूर्वाह्न 11:00 बजे तक के लिए स्थगित की गई.

अवधेश प्रताप सिंह,
प्रमुख सचिव,
मध्यप्रदेश विधान सभा

भोपाल:
दिनांक: 12 मार्च, 2025